## एक नजर

### एमपी राजिंदर गुप्ता पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी के लिये चयनित



**नई दिल्ली, 9 दिसंबर 2025** पंजाब से राज्यसभा मेंबर राजिंदर गुप्ता को लेबर, टेक्सटाइल और स्किल डेवलपमेंट पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी के लिए नॉमिनेट किया गया है। यह एक अहम पैनल है जो ज़रूरी इकोनॉमिक सेक्टर में पॉलिसी और सुधारों की देखरेख करता है।
राजिंदर गुप्ता–ट्राइडेंट ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन एमेरिटस–एक जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट और समाजसेवी के तौर पर जाने जाते हैं, जिन्हें मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल ट्रेड और वर्कफोर्स डेवलपमेंट में दशकों का प्रैक्टिकल अनुभव है। उनके अपॉइंटमेंट से कमिटी को इंडस्ट्री की कीमती जानकारी मिलने की उम्मीद है, खासकर ऐसे समय में जब भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अमेरिका से बढ़ते टैरिफ दबाव और स्किल्ड और अनस्किल्ड दोनों तरह के वर्कर्स के लिए मजबूत स्किलिंग फ्रेमवर्क की ज़रूरत जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। 1980 के दशक के बीच में मामूली रिसोर्स के साथ शुरुआत करते हुए, राजिंदर गुप्ता ने ट्राइडेंट ग्रुप को दुनिया के लीडिंग इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और पेपर ग्रुप्स में से एक बनाया। कंपनी आज स्ष्ठ 2 बिलियन से ज़्यादा की ग्लोबल एंटरप्राइज है, जिसमें 17,500 से ज़्यादा लोग काम करते हैं। इंडस्ट्री लीडरशिप के अलावा, गुप्ता शिक्षा, खेल और हेल्थकेयर की पहल में भी सक्रिय रूप से योगदान देते हैं, जिससे देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध एक बहुमुखी नेता के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत होती है। राजिंदर गुप्ता को लेबर, टेक्सटाइल और स्किल डेवलपमेंट पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी के लिए नॉमिनेट किया गया।

# लंबित शिकायतों पर कलेक्टर की कड़ी नाराजगी

### जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने 112 आवेदनकर्ताओं की शिकायतों का किया समाधान



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/09,दिसम्बर,2025/** जिले में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने 112 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कुछ समस्याओं का समाधान कलेक्टर द्वारा मौके पर ही किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह में जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में जवाब दर्ज किए जाएं। अधिकारियों द्वारा जवाब दर्ज न किए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में जनसुनवाई के दौरान आवेदकों द्वारा दर्ज कराई गई समस्याओं के निराकरण न होने की स्थिति में उन्हें बार-बार परेशान होना पड़ता है, जो कि संपूर्णत: अस्वीकार्य है। यह प्रवृत्ति भविष्य में न देखने को मिले संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन आवेदकों को अवश्य प्रदान किया जाए। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर समस्या ग्रस्त स्थल का स्वयं मौका मुआयना कर संबंधित आवेदक से मिलकर उनकी समस्या का समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार, डिप्टी कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शुक्करवाड़ा कला निवासी नीतू गौर द्वारा शासकीय नहर पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने ईई, जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि वे मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करें और समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। ग्राम भैंसादेह, तहसील सिवनी मालवा निवासी कमल सिंह ने शिकायत की कि शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण होने से किसानों को खेत पहुंचने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार शिवपुर को निर्देशित किया कि मौके का मुआयना कर रास्ते का सीमांकन करें तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। ग्राम जासलपुर के श्री भगवत प्रसाद चौधरी द्वारा खेत के बीच में डीपी लगे होने और दुर्घटना की आशंका जताए जाने पर कलेक्टर ने ईई, एमपीईबी को उचित कार्यवाही कर डीपी का स्थानांतरण सुनिश्चित करने तथा प्रगति से जनसुनवाई शाखा को अवगत कराने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 11, नर्मदापुरम निवासी गणेश बाबरिया द्वारा वार्डवासियों को पट्टे प्रदान किए जाने की प्रक्रिया और भुगतान संबंधी जानकारी के लिए आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही कर दो दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट को आवेदक गोविंद प्रसाद अग्रवाल नर्मदापुरम के नजूल आरआई रिकॉर्ड में नक्शा दर्ज किए जाने के आवेदन पर निर्देशित किया गया कि आवेदनकर्ता की भूमि का शीघ्र सीमांकन कर नियमानुसार रिकॉर्ड अद्यतन किया जाए। आवेदक गोविंद प्रसाद अग्रवाल, नर्मदापुरम द्वारा नजूल आरआई रिकॉर्ड में नक्शा दर्ज किए जाने की मांग पर कलेक्टर ने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए.

# उपद्रवी 11 छात्रों को शाला से किया निष्कासित, परीक्षा देने ही आएंगे

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 09 दिसम्बर** सिवनी मालवा तहसील के ग्राम बघवाड़ा में उपद्रवी 11 छात्रों को शाला से निष्कासित किया। छात्र अब बस वार्षिक परीक्षा के लिए शाला आएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बघवाड़ा में उपद्रव करने वाले 11 उपद्रवी छात्रों को शाला के प्राचार्य सुनील झिरानियाँ ने शाला से निष्कासित कर दिया है। अब यह सभी 11 उपद्रवी छात्र बस वार्षिक परीक्षा देने के लिए ही शाला में आएंगे।


प्राचार्य ने इसकी लिखित जानकारी विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम, संयुक्त संचालक नर्मदापुरम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिवनी मालवा एवं थाना प्रभारी सिवनी मालवा को दी है। जिसमें प्राचार्य ने लिखा है कि 6 दिसंबर 25 को शाला में प्रार्थना सभा के बाद किसी बात को लेकर छात्रों के बींच लड़ाई हो गयी। जिसमे डंडे और कड़े से मारपीट हुई।

इस हाथापाई में बघवाड़ा और खुटवासा के लोग भी शामिल हुए। जिसमे शाला के कुछ छात्र आहत हुए। जिनके पालकों ने शाला में उपस्थित होकर घटना को संज्ञान में लिया। जिसमे शाला परिवार एवं उपस्थित ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि घटना में लिप्त छात्रों को शाला से निष्काषित किया जाए। यह सभी निष्काषित 11 छात्र शाला से निष्कासित किये गये है। जो अब वार्षिक परीक्षा में ही परीक्षा देने के लिए शाला में आएंगे। इस बींच कोई अप्रिय घटना होती है तो शाला परिवार जबाबदार नही होगा।

ग्राम बघवाड़ा सरपंच बेनीराम लोवंशी सहित उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि शाला से निष्काशित किये गये छात्र आये दिन शाला में लड़ाई झगड़ा, छात्राओं से छेड़छाड़ करना, शाला में बेवजह आतिशबाजी करना, शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना, शिक्षको के साथ अभद्रता करना, गाली गलोच करना और शिक्षकों को मारने की धमकी देने जैसा कृत्य करते चले आ रहे थे। यदि भविष्य में यह छात्र शाला परिसर के आसपास आपराधिक कृत्य करते नजर आएंगे तो थाने में इनकी शिकायत की जायेगी। यदि इन छात्रों को लेकर ग्राम बघवाड़ा और ग्राम खुटवासा के बींच विवाद करते है तो शाला प्रबंधन की जबाबदारी नही रहेगी।

> शा.उ.मा. शाला बघवाड़ा में उपद्रव करने वाले 11 उपद्रवी छात्रों को प्राचार्य सुनील झिरानियाँ ने शाला से निष्कासित कर दिया है। अब यह सभी 11 उपद्रवी छात्र वार्षिक परीक्षा देने ही शाला में आएंगे।

# सिविल सेवा परीक्षा के मार्गदर्शन हेतु व्याख्यान



**नवभारत न्यूज**
**माखननगर, 09 दिसम्बर** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डाक्टर आई एस कनेश के कुशल मार्गदर्शनमें स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा व अन्य परीक्षाओं में चयन हेतु एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया ।मुख्य वक्ता के रूप में श्री बलराम यादव जी के द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए आवश्यक योग्यता, आवेदन कैसे करें व आवेदन करने के बाद परीक्षा तैयारी कैसे करें,इस पर विस्तृत प्रकाश डाला। महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री बलराम यादव ,डॉ कविता दुबे, सुश्री शिवानी मालवीय द्वारा परीक्षा से संबंधित विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया। मंच संचालन व आभार डॉ क्षमा मेहरा द्वारा दिया गया।

## खाद नही मिलने पर किसानों ने किया चक्का जाम

**पिपरिया,** किसानो को खाद नही मिलने पर पचमढी रोड पर डबल लॉक गोदाम के सामने हंगामा कर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस के पहुंचने पर स्थिति नियंत्रण में आई। डबल लॉक गोदाम पर पूर्व में बांटे गये टोकन लेकर सैकडो किसान डीएपी,एनपीके,यूरिया लेने पहुंचे परंतु खाद का वितरण नही किया जा रहा था व उपस्थित अधिकारी,कर्मचारी तरह तरह के निर्देश देते देखे गये जिससे नाराज किसानो ने डबल लॉक के सामने मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम कर दिया।

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष की सजा

**पिपरिया** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कारावास हुआ। द्वितीय अपरसत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के न्यायालय द्वारा आरोपी आकाश को 20 वर्ष का कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदंड तथा 3 वर्ष का कारावास व 500रूपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# सेंटमेरी कॉन्वेंट स्कूल में रूट्स टू विंग्स उत्सव आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 09 दिसम्बर** सेंट मैरी कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार शाम रूट्स टू विंग्स वार्षिक दिवस समारोह का शानदार और आकर्षक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी तथा भोपाल के आर्कबिशप डॉ. ए.ए.एस. दुरईराज एस.वी.डी. उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में विधायक नागवंशी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई ऐसी करें कि शहर का नाम नहीं, बल्कि उनके नाम से शहर की पहचान बने। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाटक और समूह गायन के माध्यम से उन्होंने खेती, प्रकृति संरक्षण, पारिवारिक मूल्य, तथा आधुनिक समय में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति—मदिरापान व धूम्रपान के दुष्परिणामों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर स्टैनलिन जेरी एंटो, शिक्षकों, पत्रकारों, नगर के गणमान्य नागरिकों, पालकों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान लगातार गूँजती तालियों और मनमोहक प्रस्तुतियों ने शाम को यादगार बना दिया।

# संत श्री परमानन्द के मुखारविंद से नर्मदा पुराण

**नवभारत न्यूज**
**हण्डिया 9 दिसम्बर** पुण्य सलिला माँ नर्मदा के उत्तर तट से 3 कि0मी0 दूर ग्राम बुराडिया भक्ति रस से सराबोर नजर आ रहा है। पिछले 5 दिनों से भैरूदा तहसील क्षेत्र के बैडापानी अम्बे माता आश्रम के सन्त ब्रहचारी परमानन्द महाराज के मुखारविंद से नर्मदा पुराण की संगीतमय कथा से सारा क्षेत्र भक्ति रस में डुब गया है। श्री महाराज जी कि, कथा को श्रवण करने दूर दूर से धर्मावलंबियों का हुजूम बुराडिया ग्राम में कथा श्रवण करने पहुँच रहा है। डोड परिवार द्वारा आयोजित नर्मदा महापुराण को श्रवण करने कथा स्थल पर पहुँच रहे हैं। ग्राम बुराडिया के कथा स्थल से विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए सन्त श्री महाराज ने उत्तर- दक्षिण नर्मदा तटों पर सन्तों की तपोभूमि रहीं हैं। उनपर प्रकाश डालते हुए। कहाँ कि माँ नर्मदा का यह पावन तट ऋषि मुनियों कि तपोभूमि रहीं हैं। उन्होंने कहा कि नेमावर पावन भूमि में भगवान् जमदग्नि ऋषि मुनियों ने तपस्यारत रहकर गुरूकुल में शिक्षा दी। जहां परशुराम जी,ने अपने माता पिता का नर्मदा व गोनी नदी के संगम पर पिण्ड ( तर्पण) किया था। ग्राम बुराडिया में नाना नानी डोड कि स्मृति में आयोजित श्री मॉ नर्मदा पुराण कथा के 5 दिन विशाल जन समुह को सम्बोधित करते हुए बैडापानी आश्रम के सन्त श्री परमानंद महाराज ने कहा कि नर्मदा जी के तट पर पुण्य करने से हजारों गुना फल प्राप्त होता है। जहां नर्मदा जी, का एक एक कंकर शंकर के समान है।

> परम पूज्य संत श्री परमानंद महाराज जी की कथा को श्रवण करने दूर-दूर से धर्मावलंबियों का हुजूम बुराडिया ग्राम में कथा श्रवण करने पहुँच रहा है।



# कृषक ने 40 हजार लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**नवभारत न्यूज**
**सिराली,** क्षेत्र में एक प्रशंसनीय उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक कृषक ने गलती से आए मुआवजा रुपए वापस लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया। हाल ही में आई आपदा के चलते सोयाबीन की फसल व्यापक रूप से नष्ट हो गई थी, जिसके बाद शासन द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि वितरित की जा रही है। इसी प्रक्रिया के दौरान एक तकनीकी त्रुटि के कारण मुआवजा राशि गलत खाते में ट्रांसफर हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम जात्राखेड़ी के कृषक अशोक कुमार पिता हरनारायण गुर्जर के खाते में रू 40,000 जमा होना था, लेकिन गलती से यह राशि सिराली के कृषक दुर्गेश पिता रमेशचंद्र अग्रवाल के खाते में ट्रांसफर हो गई। जब दुर्गेश अग्रवाल को यह पता चला कि यह राशि उनके लिए स्वीकृत नहीं थी, तो उन्होंने बिना किसी विलंब के इस राशि को सही कृषक तक पहुँचाने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों की सहमति से दुर्गेश ने चेक बनाकर संपूर्ण 40,000 की राशि अशोक कुमार के खाते में हस्तांतरित कर दी।

## तीन विद्यार्थी अग्निवीर के रूप में चयनित हुए

**पिपरिया** संकल्प फाउंडेशन निःशुल्क क्लासेसज द्वारा भारतीय सेना मे अग्रिवीर के रूप में चयनित विद्यार्थियो का समाजसेवियो व पूर्व सैनिको ने स्मृति चिंह देकर सम्मान किया। पचमढी रोड पर संकल्प फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क क्लासेज कई वर्षो से चलाई जा रही है जिसमें अनेको क्षेत्रो में विद्यार्थी चयनीत हुए है। भारतीय सेना में अग्रिवीर के रूप में चयनित अजीत राजपूत मजीत ठाकुर आदेश राजपूत चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी है.

## अंतर जिला सीनियर प्रतियोगिता में तीसरा मुकाबला नर्मदापुरम और बैतूल के मध्य

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 09 दिसम्बर** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के तत्वाधान में अंतर जिला सीनियर वर्ग टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला बैतूल और नर्मदापुरम के मध्य एमपीसीए मैदान पर खेला जा रहा है ।जिसमें बैतूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन देशमुख के शानदार 80 रनों की पारी के बावजूद 179 रनों पर सिमट गई नर्मदापुरम की ओर गौतम रघुवंशी,हिमांशु शिंदे, हर्षित परसाई और अनुराग मालवीया ने 2- 2 विकेट लिए शेष गौरव दशोरे एवं कार्तिक राजोरिया को 1- 1 सफलता प्राप्त हुई। नर्मदापुरम ने बल्लेबाजी करते हुए अखिल निगोटे के शतक और यश दुबे के 87 रनों की मदद से दिन के निर्धारित ओवर में 2 विकेट खोकर 237 रन बना लिए है फिलहाल नर्मदापुरम टीम के पास 58 रनों की बढ़त है ।मैच के दौरान सिलेक्टर नितेश राजपूत, जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनोहर बिल्थरिया हरदा एवं बैतूल के कोच सहित अंपायर हरीश हनोतिया उपस्थित रहे.

# किसान ने 02 बार सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में की शिकायत



**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 09 दिसम्बर** जिले की टिमरनी तहसील अंतर्गत ग्राम कालपी में पंचायत द्वारा ग्राम के गंदे पानी का उचित निकास नहीं करने के कारण के किसान की फसल एवं खेत में पहुंच मार्ग खराब हो रहा है ।मंगलवार को किसान अशोक पाराशर ने जनसुनवाई में समस्या समाधान के लिए आवेदन दिया है ।किसान ने बताया कि ग्राम पंचायत गाड़ामोड़ खुर्द के अंतर्गत ग्राम कालपी के रहवासियों के घरों के पानी निकासी के लिए पंचायत ने नाली बनाई है,यह नाली सड़क किनारे होने के बजाय उनके खेत में बनाई गई है,वहीं उन्होंने बताया कि समीप नाले में रोड क्रॉस कर पानी निकासी की जा सकती है,लेकिन उनकी समस्या को नजर अंदाज कर व्यर्थ लगभग 300 फीट नाली बनाकर पानी निकासी किया जाना अनुचित है ।किसान ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को पंचायत की कार्यशैली को लेकर शिकायत कर उचित समाधान की मांग की है,उन्होंने बताया कि समस्या निराकरण नहीं होने की दशा में वे नाली को अवरुध्द करेंगे।

### सीएम हेल्प लाइन में एवं जनसुनवाई में आवेदन का नतीजा सिफ़र

किसान अशोक पाराशर ने बताया कि पंचायत द्वारा पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली से फसल खराब होने की शिकायत उनके द्वारा 2 बार सीएम हेल्प लाइन में भी की गई,लेकिन पंचायत शिकायत को मांग श्रेणी में रखकर निराकार नहीं कर रही है,वहीं जनसुनवाई में भी किसान ने दो बार आवेदन किया है ।किसान ने बताया कि दो वर्षों से ग्राम पंचायत को पत्राचार के माध्यम से अपनी समस्या रखी गई है। लेकिन समस्या जस की तस है।

## रेलवे कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप हुआ

**पिपरिया** - रेल्वे हास्पिटल पिपरिया व नरसिहपुर में आरपीएफ व अन्य कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप हुआ। रेल्वे चिकित्सक डॉ.आरआर कुर्रे के द्वारा आरपीएफ कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों का जनरल हेल्थ चेकअप के अलावा, बीपी, शुगर, आंख,कान,जांच व अन्य जांचे की गई।

**बैठक** गौ माता का पूजन 35 गांवों में कर गौ माता के सरंक्षण हेतु किसानों को किया जागरूक

# भाकिसं का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवादी एवं राष्ट्रहितैषी

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 09 दिसम्बर** भारतीय किसान संघ तहसील इटारसी की बैठक का आयोजन कृषि उपज मंडी में किया गया, जिसमें भारतीय किसान संघ मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री नें कहा कि भारतीय किसान संघ विश्व का सबसे बड़ा किसान संगठन है जो राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर सतत किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु तत्पर होता है, भारतीय किसान संघ के चार प्रमुख उत्सव होते है जिसे कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक मनाते है, अभी अभी गौमाता पूजन तहसील की 35 गांवों में किया गया,जिसे किसानों नें हर्षोल्लास के साथ एकजुट होकर मनाया जिसका उद्देश्य गौमाता के संरक्षण हेतु किसानों को जागरूक करना था, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल नें कहा कि भारतीय किसान संघ राष्ट्रवादी संगठन है इसलिए आगामी जनवरी माह में भारतीय किसान संघ प्रत्येक गांव में भारतमाता पूजन का आयोजन करेगा, वैसे तो किसान समाज हमेशा ही राष्ट्रवादी होता है जो मेहनत करके देश के लिए अनाज का उत्पादन करता है लेकिन आने वाली पीढ़ी भी राष्ट्रवाद को सर्वोपरि माने इसके लिए भाकिसं गांव गांव जाकर भारतमाता पूजन का आयोजन उत्साहपूर्वक करेगा एवं गांवों में किसान समाज को एकजुटता का संदेश देगा, समाज और ज्यादा एकजुट होगा तो बड़ी से बड़ी समस्याओं का निराकरण शासन प्रशासन से हम करा लेंगे। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी नें बताया कि वर्तमान में किसान रबी सीजन की बोबनी में लगा हुआ है जोकि क्षेत्र की प्रमुख फसल है इसके लिए प्रशासन द्वारा खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, किसानो को भीषण ठंड में दिन के समय 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जावे, प्रशासन द्वारा सतत मानिटरिंग करके धान खरीदी केन्द्रों पर निरीक्षण किया जावे जिससे किसानों को असुविधा न हो, इसके अलावा खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जावे, कृषि उपज मंडी में एक अतिरिक्त फ्लेट कांटें की व्यवस्था की जावे, बोबनी के पूर्व ही समस्त शासकीय गोहे का सीमांकन करा दिया जाए, नहरों में रबी सीजन के लिए फुल गेज तक पानी दिया जाए, टेल क्षेत्र के किसानों तक पानी पहुंचानें की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान संघ प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराएगा ।बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल, संभाग सदस्य श्रीराम दुबे, तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी, जिला सदस्य मोरसिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष अविनेश चौधरी,तहसील मंत्री सुभाष साध, जगदीश कुशवाह, रामस्वरूप चौरे, मंडी प्रभारी कमल गालर, ओमप्रकाश महालहा, राजू तोमर, शिवकुमार पटेल,हरीश वर्मा,दिलीप चौरे, परेश चौधरी, लक्ष्मीनारायण यादव, भोलाराम चौरे, सल्लू चौधरी उपस्थित रहे ।

## सतरस्ते पर अतिक्रमणकर्ताओं पर हुई कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** नगर के प्रमुख चौक सतरस्ते पर अतिक्रमण कर सब्जी और फल के ठेले लगाने वालों पर आज नगरपालिका की टीम द्वारा देर शाम कार्रवाई की गई। साथ ही मार्ग अवरूद्ध करने वालों पर जुर्माने के साथ ही जब्त की कार्रवाई की जा रही है। यातायात को सुगम बनाने के लिए नपा की टीम के साथ आज स्वयं सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने सड़क पर उतरकर अतिक्रमणकारियों को निर्धारित पर स्थान पर जाने तथा गंदगी और कचरा करने वालों पर जुर्माने करने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण दल में राजस्व शाखा से सुनील अवस्थी, ब्रजेश सारवान, स्वच्छता उपनिरीक्षक कमलेश तिवारी, सतीष यादव सहित अतिक्रमण दल उपस्थित रहा। नगर पालिका की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने फल एवं सब्जी विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे किसी भी तरह से मार्ग को अवरूद्ध न करें, इससे नागरिकों को परेशानी होती है।

## नई शिक्षा नीति तर्क प्रदान करती है

**सिवनी मालवा 09 दिसम्बर** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में आज ग्राम हिरण खेड़ा, सोमलबाड़ा, ज्ञान रत्न स्कूल में महाविद्यालय टीम द्वारा भ्रमण किया गया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरणखेड़ा स्कूल के प्राचार्य श्री साहू जी एवं सोमलवाड़ा प्राचार्य श्री राम मोहन रघुवंशी जी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया द्य हिरण खेड़ा और सोमलबाड़ा स्कूल में डॉ मोहन सिंह गुर्जर द्वारा महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, एवं बीएससी एडमिशन की ऑनलाइन प्रक्रिया, महाविद्यालय में छात्रवृत्ति योजनाओं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रतिभा किरण, गांव की बेटी, मेधावी योजना, संबल योजना एवं आवास योजना की जानकारी प्रदान की गई